

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या–14** **शुक्रवार, दिनांक–21 मार्च, 2025 ई०।**

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 11:12 बजे पूर्वा० तक**

**[1 ] प्रश्नकाल :–**

प्रश्नकाल आरंभ होते ही नेता विरोधी दल द्वारा कार्यस्थगन सूचना को सदन में रखने का आग्रह किया गया। असान द्वारा इसे समय पर उठाने को कहा गया।

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 02 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iii) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iv) 196 तारांकित प्रश्न अनागत।

विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने प्रस्ताव को सही समय उठाने एवं अपने अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया। माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कहा गया कि विपक्ष के माननीय सदस्यों के किसी भी प्रस्ताव पर सरकार अपना पक्ष रखने को तैयार है। परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 02:00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 02:04 बजे अपराह्न तक)

[ इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ]

**[2 ] वित्तीय कार्य**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [ खंड–09 (ग्रामीण कार्य विभाग; भवन निर्माण विभाग; नगर विकास एवं आवास विभाग; खान एवं भूतत्व विभाग तथा परिवहन विभाग) एवं खंड–04 (शिक्षा विभाग; संसदीय कार्य विभाग; विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग; सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग ] पर वाद–विवाद एवं मतदान :–**

माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु आसन द्वारा कई बार उनका नाम पुकारा गया परन्तु श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

तत्पश्चात् ग्रामीण कार्य विभाग के अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया –

1. श्री आलोक रंजन, स०वि०स०

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपने अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया। परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 03:30 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई।

<u>स्थगनोपरान्त</u>

(03.30 बजे अपराह्न से 03:40 बजे अपराह्न तक)

[ इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ]

ग्रामीण कार्य विभाग के अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर पुनः वाद विवाद प्रारम्भ हुआ, जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :–

1. श्री विजय कुमार खेमका, स०वि०स०

तदुपरान्त माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त अनुदान की शेष मांगें बारी–बारी से गिलोटीन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ।

[3] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–</u>

बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री प्रेम कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत बिहार राज्य भंडार निगम वित्तीय वर्ष 2019–20 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

[4] <u>निवेदन :–</u>

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 44 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

[5] <u>शुभकामना संदेश :–</u>

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से कहा गया कि 22 मार्च का दिन हम सभी के लिए गर्व और हर्ष का दिन है। 22 मार्च, 1912 को हमारे बिहार राज्य की स्थापना हुई थी और तभी से यह दिन हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और प्रगति कि ओर बढ़ते कदमों की याद दिलाता है।

इस अवसर पर आसन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया कि उन्होंने इस दिन को चिरस्मरणीय बनाने के लिए पुरे राज्य में इसे राजकीय समारोह के रूप में मनाने की शुरूआत की है।

बिहार ने ज्ञान, संस्कृति और संघर्ष की अद्वितीय परम्परा स्थापित की है। आज बिहार विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। ये हम सभी के लिए गर्व कि बात है कि बिहार अपने गौरवशाली अतित से सीखते हुए उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

आसन द्वारा समस्त बिहारवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गयी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक–24 मार्च, 2025 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–21.03.2025

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।